**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 14.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री ने भारत की नारी शक्ति के नाम लिखा पत्र, कहा– महिलाओं के नीति–निर्माण और निर्णय लेने में सक्रिय भागीदारी से विकसित भारत की यात्रा का दृष्टिकोण और मजबूत होगा।**
2. **राज्य के सभी नगर निकायों में आवासीय परिसर पर सात प्रतिशत और व्यवसायिक भवनों में बारह प्रतिशत बढ़ेगा होल्डिंग टैक्स, नगर विकास विभाग ने नई दर को दी मंजूरी।**
3. **झारखंड उच्च न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ओपन जेलों में सुविधाओं की नियमित निगरानी के लिए तीन सदस्यीय कमिटी बनाने का राज्य सरकार को दिया निर्देश।**
4. **बाबा साहब डॉ भीमराव आम्बेडकर की आज मनाई जा रही 135 वीं जयंती, राश्ट्र कर रहा नमन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि ।**
5. **झारखंड के अमन वर्मा, अनिशा वर्मा और जोगा पूर्ति ने 20वें एशियन गेम्स–2026 की क्लाइंबिंग प्रतियोगिता के लिए किया क्वालिफाई, देश का करेंगे प्रतिनिधित्व।**

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं के नीति–निर्माण और निर्णय लेने में सक्रिय भागीदारी से वर्ष 2047 तक विकसित भारत की यात्रा का दृष्टिकोण और मजबूत होगा। भारत की नारी शक्ति को लिखे पत्र में श्री मोदी ने कहा कि 16 अप्रैल को संसद, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए दोबारा सत्र शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि देशभर की महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का एक अनूठा अवसर मिलने पर खुशी व्यक्त कर रही हैं।

**********************

गिरिडीह जिले की महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अभिनियम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह एक ऐतिहासिक कदम है।

**********************

राज्य सरकार ने सभी नगर निकायों में होल्डिंग टैक्स की नई और बढ़ी हुई दर को मंजूरी दे दी है। इसके तहत अब आवासीय भवनों पर सात प्रतिशत और व्यवसायिक संपत्ति में होल्डिंग टैक्स में बारह प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है। वहीं, सड़कों की चौड़ाई के आधार पर भी भवनों का टैक्स बढ़ेगा। इसके साथ होल्डिग टैक्स का निर्धारण सरकारी सर्किल रेट के आधार पर होगा।

**********************

पलामू के सांसद बीडी राम ने धान खरीदारी को लेकर राज्य सरकार पर कई आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री और अधिकारियों द्वारा धान खरीदारी का जो आंकड़ा केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया गया है, वह अलग–अलग है। इससे जाहिर होता है कि मंत्री और अधिकारियों के बीच तालमेल का अभाव है।

**********************

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के ओपन जेलों में सुविधाओं की नियमित निगरानी के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमिटी बनाने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों के तह स्वतः संज्ञान लेते हुए अगली सुनवाई तक इसकी स्टेट्स रिपोर्ट देने को कहा है।

**********************

राज्य में आज से बीस अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने संदेश में कहा है कि अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए यह सप्ताह मनाया जाता है। उन्होंने प्राणों की आहुति देने वाले अग्निशमन सेवा के बहादुर पदधिकारियों तथा कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

*********************

संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव आम्बेडकर को उनकी 135 वीं जयंती पर पूरा राष्ट्र नमन कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व और कार्य राष्ट्र निर्माण के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

इधर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजधानी रांची के डोरंडा स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा क संविधान निर्माण में बाबा साहेब का अतुलनीय योगदान रहा है।

वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब भीमराव के योगदान सदैव याद रखे जाएंगे।

*********************

चक्रधरपुर रेल मंडल के तहत इस महीनें की 14 से 19 तारीख के बीच आद्रा–आसनसोल, आद्रा–मिदनापुर, बोकारो–चंद्रपुरा सहित कई मेमू ट्रेनों का परिचालन रद्द रहेगा। वहीं टाटा–हटिया एक्सप्रेस को निर्धारित मार्ग के बजाय सीनी–गुंडा बिहारी–मुरी मार्ग से चलाया जा रहा है। इसके अलावा यात्रियों की सहूलियत के लिए पुणे–सांतरागाछी–पुणे समर स्पेशल ट्रेन भी अप्रैल महीनें में चलाया जाएगा।

*********************

दुमका जिले के बासुकीनाथ में वोकेशनल, क्राफ्ट सेंटर स्टोरेज सह सेल्स सेंटर का निर्माण किया जायेगा। जरमुंडी के विधायक देवेंद्र कुंवर ने इस सेंटर के शिलान्यास किया। यहां हस्तशिल्प प्रशिक्षण, उत्पादित हस्तशिल्प के संग्रह और उनकी बिक्री की सुविधा होगी।

*********************

चतरा जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत कुंदा थाना क्षेत्र के बटुकुईया गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

वहीं, राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू और सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर में पुलिस में छापेमारी कर नशे के कारोबार में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 40 हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 48 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

झारखंड के अमन वर्मा, अनिशा वर्मा और जोगा पूर्ति इस वर्ष 18 सितंबर से 3 अक्टूबर तक जापान के आइची–नागोया में आयोजित होने वाले 20वें एशियन गेम्स की क्लाइंबिंग प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जमशेदपुर के इन खिलाड़ियों ने चीन में आयोजित एशियन क्लाइंबिग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह पात्रता हासिल की है।

*********************